"एक लक्ष्य निर्धारित कर लें। उस लक्ष्य को अपना जीवन बना लें, उसी के बारे में सोचें-विचारें, उसी के स्वप्न लें और उसी लक्ष्य को जीने की राह बना लें। हमारा मस्तिष्क, पूरी ताकत, हमारी सोच, हमारे शरीर का हर अंग उस के साथ एकाकार हो जाए। बाकी सब विचार छोड़ दें। यही सफलता की एकमात्र राह है"।

- स्वामी विवेकानन्द

1 अप्रैल, 2013

प्रिय मित्रो,

लक्ष्य ही हमारे मस्तिष्क को गतिशील रखता है और जैसा कि परम श्रद्धेय स्वामी विवेकानन्द जी ने कहा है कि यदि हमें सफलता प्राप्त करनी है तो हमें एक लक्ष्य पर अपना ध्यान केन्द्रित करना होगा। इफको का भी एक ही लक्ष्य है और वह है-हमारे किसानों, हमारे ग्रामीण भारत, हमारे सहकारी कार्यकर्ताओं और अंततः संपूर्ण इफको की तरक्की और विकास को सुनिश्चित करना। इस दिशा में किए गए हमारे प्रयासों के हर समय, हर वर्ष सदैव अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

मुझे आपको यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि आपकी समिति ने गत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी शानदार कार्यनिष्पादन की परम्परा को बनाए रखा। वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान उर्वरक उद्योग को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ा और हमने सभी चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए उत्पादन, बिक्री, लाभदेयता, परिवहन और ऊर्जा खपत के विभिन्न क्षेत्रों में शानदार सफलता हासिल की। हमें असामान्य मानसून, कच्चे माल की कमी, डॉलर-रुपये की विनिमय दर में असामान्य उतार-चढ़ाव, उर्वरक बाण्डों पर होने वाली हानि तथा भारत सरकार से लागत और मूल्य के अन्तर की प्रतिपूर्ति के भुगतान में होने वाली देरी जेसी कई बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि विभिन्न बाधाओं के बावजूद हमारे संयंत्रों ने लगभग 79 लाख मी.टन उर्वरकों का उत्पादन किया जिसमें अब तक का सर्वाधिक 45 लाख मी.टन यूरिया का उत्पादन और 34 लाख मी.टन एनपी/एनपीके/डीएपी/पानी में घुलनशील उर्वरक शामिल हैं।

हमारे विपणन प्रभाग ने भी विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने दायित्व को बखूबी निभाया और 100 लाख मी.टन उर्वरकों की बिक्री की। समिति ने देश के विभिन्न भागों में 100 लाख मी.टन से अधिक उर्वरक समाग्री का प्रेषण किया। हमें आशा है कि वर्ष 2012-13 के दौरान हमारा अनन्तिम कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) 1000 करोड़ से अधिक होगा। विश्व स्तर पर प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद, समिति ने दक्ष और विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन की वजह से शानदार वित्तीय परिणाम हासिल किए। सभी विभागों द्वारा जिस टीम भावना का प्रदर्शन किया गया वह सराहनीय है।

विभिन्न क्षेत्रों में इफको ने जो शानदार सफलताएं हासिल कीं, उसके लिए उसे कई प्रकार के पुरस्कार और सम्मान प्रदान किये गए। फार्चून इंडिया 500 ने इफको को वर्ष 2012 के दौरान उर्वरक तथा कृषि-रसायन श्रेणी में पुनः प्रथम स्थान तथा समग्र रैंकिंग में 36 वां स्थान प्रदान किया। शीर्ष 100 कंपनियों में केवल इफको पुनः एकमात्र सहकारी संस्था के रूप में उभर कर आई। इसके अलावा, समिति को इस वर्ष के दौरान बिजनेस स्टैंडर्ड 1000 की गैर-सूचीबद्ध कम्पनियों में चौथा स्थान प्राप्त हुआ। समिति को आईटी, मानव संसाधन और तकनीकी क्षेत्रों के लिए भी कई पुरस्कार प्राप्त हुए जो इसकी सफलता

के द्योतक हैं। हमारे सभी संयंत्रों को वर्ष 2012-13 के दौरान अन्य पुरस्कारों के अलावा औद्योगिक सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण आदि के क्षेत्र में एफएआई से पाँच सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त हुए।

हमारे सभी एसोसिएट्स और संयुक्त उद्यमों के निरन्तर बेहतर कार्यनिष्पादन के कारण समिति की स्थिति और मजबूत हुई है। हमने क्यूबैक, कनाडा में स्थापित की जा रही इफको-कनाडा परियोजना के लिए क्यूबैक सरकार को पहले से ही पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। हमें आशा है कि इस वर्ष के अंत तक इसकी मंजूरी मिल जाएगी। हमारी कलोल II विस्तार परियोजना का कार्य भी जल्दी शुरू हो जाएगा।

मुझे पूरी आशा है कि अपने पिछले रिकार्डों को तोड़ते हुए हमारी समिति आगे बढ़ने का क्रम जारी रखेगी और उर्वरकों के उत्पादन व विपणन के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करेगी। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हमारे सहकर्मियों और सभी कर्मचारियों ने जो सहायता प्रदान की, उसके लिए मैं उनका हार्दिक धन्यवाद करता हूं। हम हमारे अध्यक्ष महोदय और निदेशक मंडल के बहुमूल्य मार्गदर्शन में अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रयास जारी रखेंगे।

अंत में, मैं उर्वरक विभाग तथा कृषि एवं सहकारिता विभाग और हमारे संयुक्त उद्यम भागीदारों व विश्वभर में फैले हमारे एसोसिएट्स और उनकी सम्बद्ध सरकारों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने समय-समय पर हमें अपना बहुमूल्य सहयोग और सहायता प्रदान की।

इस अवसर पर मैं भारतीय और अतंर्राष्ट्रीय मीडिया का भी उनकी ओर से मिले बहूमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद करता हूं। सबसे बढ़कर, मैं इफको एम्पलाइज यूनियनों, ऑफिसर्स एसोसिएशनों तथा सभी कर्मचारियों, जिनमें ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं के कर्मचारी भी शामिल हैं, से मिले बहुमूल्य सहयोग के लिए उनका धन्यवाद करता हूं।

सादर एवं शुभकामनाओं सहित।

(उदय शंकर अवस्थी)

वितरणः

इफको के सभी कर्मचारी

प्रतिलिपिः

अध्यक्ष, इफको

उपाध्यक्ष, इफको

इफको निदेशक मंडल के सभी निदेशक

प्रबंध निदेशक, आईपीएल

प्रबंध निदेशक, आईटीजीआई

सीईओ(ओमइफको)/ सीईओ (आईसीपीएल)/सीईओ(आईकेएसएल) सीईओ(आईकेएसईजैड)/

प्रबंध निदेशक (अमेरीकाज पेट्रोगैस. इंक)/ प्रबंध निदेशक (ग्रोमैक्स इन्ड.) प्रबंध निदेशक (आईकेबीएल)

सीईओ(जिफको)/ सीईओ(आईएफएफडीसी)/ सीईओ(आईसीएस)/ सीईओ(लीजैंड)/

निदेशक(केआईटी)

प्रबंध टस्ट्री-इफको फांउडेशन/ आईकेएसटी